दिनांक-18.12.2024 समय-7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतीय संविधान सरकार के लिए मात्र एक दस्तावेज नहीं है, बल्कि पिछडे वर्गों के कल्याण और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणा का मूलभूत स्रोत है।
- किसानों को कीटनाशकों के हानि कारक असर से बचाने के लिए विशेष रूप से तैयार किसान कवच सूट किया जारी।
- 100वें तानसेन संगीत समारोह में आज होगा तानसेन अलंकरण समारोह।
- प्रदेश में कड़ाके की ठंड से अगले 4 से 5 दिन तक मिल सकती है थोड़ी राहत।
-

अब समाचार विस्तार सेः-

राज्यसभा-संविधान

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतीय संविधान सरकार के लिए मात्र एक दस्तावेज नहीं है, बल्कि पिछडे वर्गों के कल्याण और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणा का मूलभूत स्रोत है। राज्यसभा में कल भारतीय संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर विशेष चर्चा का उत्तर देते हुए गृह मंत्री ने कांग्रेस शासन के दौरान किये गए अनेक संविधान संशोधनों का उल्लेख किया और बताया कि कांग्रेस के शासन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने का पहला संविधान संशोधन हुआ था। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 16 वर्षों के शासन में केवल 22 बार संविधान संशोधन किये गए, जबकि कांग्रेस के 55 साल के शासन में 77 संशोधन किए गए।

किसान कवच

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कल नई दिल्ली में किसानों को कीटनाशकों के हानिकर असर से बचाने के लिए विशेष रूप से तैयार किसान कवच सूट जारी किया। कीटनाशकों के संपर्क में आने से श्वास संबंधी दिक्कतें और आंखों को नुकसान सहित स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याएं हो सकती हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि कीटनाशक रोधी यह सूट किसानों की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय है। ऐसे उपायों से सरकार न केवल किसानों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है बल्कि जलवायु अनुकूल कृषि और सतत् विकास को भी बढावा दे रही है। इस अवसर पर किसानों को किसान कवच सूट वितरित किये गए।

वन मेला

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि मध्यप्रदेश वन संपदा की दृष्टि से समृद्ध राज्य है। यहां पर औषधीय जड़ी-बूटियों का समृद्ध भंडार है। राज्यपाल 10वें अंतर्राष्ट्रीय वन मेले के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

बाइट-राज्यपाल

राज्यपाल ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ हितग्राहियों को लघु वनोपज संघ अंतर्गत प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि का वितरण किया। वन मेले का आयोजन भोपाल के लाल परेड ग्राउंड 23 दिसंबर तक आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का अपना महत्व है, लेकिन अब चिकित्सा जगत में फिर से आयुष का महत्व बढ़ा है। वन मेले जैसे आयोजन इस नाते बहुत महत्व रखते हैं। राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन मेले में विभिन्न स्टाल्स का अवलोकन किया।

अनुपुरक बजट

वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा ने कल विधानसभा में 22 हजार 460 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट मंजूरी के लिए सदन के पटल पर रखा। इस पर आज करीब चार घंटे चर्चा होगी. बजट में लाड़ली बहना योजना के लिए 465 करोड़ रुपए व लाड़ली लक्ष्मी योजना में 85 करोड़ रुपए रखे गए हैं। इस दौरान नगरीय विकास एवं आवास विभाग, उद्योग, श्रम और सहकारिता के साथ 8 बिलों वाले जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) बिल 2024 भी विधानसभा में पेश किया गया।

वहीँ, विधानसभा में एक सवाल के जवाब में सरकार ने यह जानकारी दी कि प्रदेश में डिजिटल अरेस्ट के अब तक 27 मामले सामने आए हैं। इनमें 26 मामले इसी साल के हैं।

तानसेन अलंकरण

ग्वालियर में सुर सम्राट तानतेन की याद में आयोजित 100वें तानसेन संगीत समारोह में आज तानसेन अलंकरण समारोह आयोजित होगा। समारोह में देश के ख्यातिनाम तबला वादक पं. स्वपन चौधरी को वर्ष 2023 के राष्ट्रीय तानसेन सम्मान से विभूषित किया जायेगा। इसी तरह वर्ष 2023 के राजा मानसिंह तोमर सम्मान से सानंद न्यास इंदौर को अलंकृत किया जाएगा। समारोह में देश और दुनिया के प्रमुख संगीत साधकों द्वारा तानसेन को स्वरांजली अर्पित की जा रही है।

म्यूजिक-संगीत प्रस्तुति

संस्कृति संचालक एनपी नामदेव ने बताया कि अलंकरण समारोह में प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी तानसेन सम्मान व राजा मानसिंह तोमर सम्मान प्रदान करेंगे।

लिंक परियोजना

पार्वती- कालीसिंध -चंबल लिंक परियोजना मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों राज्यों को ‘‘सुजलाम्-सुफलाम‘‘ बनाएगी। इंदौर जिले के 75 गांव लाभांवित होंगे। इन गांवों के हजारों किसानों को जहां एक ओर 27 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी वहीं दूसरी ओर पेयजल की सुविधा भी प्राप्त होगी। मंदसौर जिले के लिए पार्वती कालीसिंध चंबल लिंक राष्ट्रीय परियोजना के अंतर्गत 2 हजार 933 करोड़ रुपए की लागत से शिवना बैराज दाबयुक्त सूक्ष्म वृहद सिंचाई परियोजना का निर्माण किया जाएगा। इससे गुना जिले की क्रमशः राघोगढ़, चांचौड़ा, मक्सूदगढ़ एवं कुम्भराज तहसील की 97,500 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने केन बेतवा लिंक परियोजना के जागरूकता प्रचार रथ का को कलेक्ट्रेट स्थल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

’चंदेरी इको रिट्रीट’

चंदेरी में एडवेंचर के रोमांच और लोक कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के अनुभव के लिए ’चंदेरी इको रिट्रीट’ की शुरुआत आज से की जा रही है। चंदेरी की लोकप्रिय फिल्म लोकेशंस से पर्यटकों को जोड़ने के लिये स्त्री सेल्फी पॉइन्ट बनाया गया है । इसके साथ ही स्थानीय कला पर आधारित आर्ट और क्रॉफ्ट बाजार, स्थानीय व्यंजनों के स्वाद के लिए फूड फेस्टिवल, लोक कला व सांस्कृतिक आयोजन के साथ ही रोमांचक और साहसिक गतिविधियां पर्यटकों को अविस्मरणीय अनुभव के लिए तैयार है। पर्यटकों को देश के पहले क्रॉफ्ट हैंडलूम टूरिज्म विलेज ‘‘प्राणपुर‘‘ का भ्रमण करने का मौका मिलेगा। प्राणपुर गांव विश्व प्रसिद्ध चंदेरी साड़ी को परंपरागत रूप से बनाए जाने के लिए विशेष पहचान रखता है।

मौसम

प्रदेश में कड़ाके की ठंड से लोगों को अगले 4 से 5 दिन तक थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग ने आज से दिन और रात के तामपान में बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया है। हालांकि, कुछ जिलों में कोहरे का असर रह सकता है। आज ग्वालियर-चंबल में कोहरा छाया रहा।

मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया, शीतलहर और कोल्ड डे की स्थिति खत्म हो गई है। जिससे ठंड का असर कम रहेगा। भोपाल में 4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। ग्वालियर-जबलपुर में 5 डिग्री, जबकि इंदौर में 10 दशमलव 6 डिग्री दर्ज किया गया। पचमढ़ी के अलावा मंडला, उमरिया, नौगांव, राजगढ़, खजुराहो में भी कड़ाके की ठंड रही।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर के प्रमुख धार्मिक स्थल खजराना गणेश मंदिर में नव वर्ष और तिल चतुर्थी पर श्रद्धालुओं के लिये विशेष व्यवस्थाएं की जायेंगी। तिल चतुर्थी पर खजराना गणेश मंदिर में तीन दिवसीय मेला भी आयोजित किया जायेगा।
- नगर पालिका छतरपुर द्वारा शहर के सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने के लिए निरन्तर लकड़ी रखी जा रही है।

- डिंडोरी में जिला स्तरीय स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, शासकीय आईटीआई डिंडौरी के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।
- पन्ना जिले की उथली खदान से किसान प्रकाश कुशवाहा को 17 कैरेट 11 सेन्ट का नायाब हीरा मिला है। हीरा किसान ने कार्यालय में जमा करा दिया है।
- श्योपुर में पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना का जिला स्तरीय कार्यक्रम मेला ग्रांउड में संपन्न हुआ। इस दौरान जयपुर में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया।
- शिवपुरी  जिले में मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व के तहत आज पोहरी, कोलारस, बदरवास, पिछोर, खनियांधाना, करैरा एवं नरवर में शिविर लगाए जाएगें।
- रायसेन स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय का मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन के कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के कुल 110 छात्र-छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण किया।

-------------